







## एक नजर में

### मानव अधिकार दिवस पर एक विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन





**महेश्वर नि प्र।** हर व्यक्ति को उसके जन्म से मृत्यु तक मिलने वाले अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महेश्वर न्यायालय भवन में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर एक विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, क्योंकि 10 दिसंबर 1950 को ही संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों की शुरुआत की थी। ?यह कार्यक्रम मंडलेश्वर जिला न्यायाधीश अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में, महेश्वर न्यायालय की तहसील अध्यक्ष दिव्या विश्वकर्मा और न्यायाधीश यशमी अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांदीपनी स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित न्यायालय में आए गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। मंच पर न्यायाधीश यशमी अग्रवाल और दिव्या विश्वकर्मा के साथ एडीपीओ चंपालाल मुजाल्दे और कुसुम धारवे, अधिवक्ता आशीष पुरोहित, हंसराज सोनी तथा सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य राजकुमार शर्मा मौजूद थे। मंचासीन अतिथियों ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए मानव के जन्म से मृत्यु तक के अधिकारों पर प्रकाश डाला। न्यायाधीश यशमी अग्रवाल ने कहा कि मानव को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। तहसील अध्यक्ष न्यायाधीश दिव्या विश्वकर्मा ने भी सभा को संबोधित किया और मानव अधिकारों के महत्व को समझाया। कार्यक्रम का संचालन रवि शुक्ला ने किया। इस अवसर पर न्यायालय के कर्मचारी लक्ष्मण पांडे, अनिल राठौड़, राहुल यादव, चैन सिंह बामनिया, रेखा सहित न्यायालय के सभी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### शीतलामाता मेले में 13 को गूंजेगी शहनाज़ अख्तर की सुमधुर भजन सरिता

**सनावद,निप्र।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के सनावद में हर साल लगने वाला विश्व प्रसिद्ध पीरानपीर-शीतलामाता मेला इस बार भी हिन्दू-मुस्लिम सांझी विरासत की मिसाल पेश करने जा रहा है। मेले के सबसे बड़े आकर्षण के रूप में देश की मशहूर भजन गायिका शहनाज़ अख़्तर 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को रात्रि 8 बजे से मेले के मुख्य मंच पर अपनी मखमली आवाज़ में माँ शीतला और पीरानपीर के भजन प्रस्तुत करेंगी। हजारों की संख्या में जुटने वाले श्रद्धालुओं के सामने शहनाज़ अख़्तर के भजन कौमी एकता की उस अनुपम परंपरा को और मजबूत करेंगे, जिसके लिए सनावद का यह मेला सदियों से जाना जाता है। यहाँ माँ शीतला का मंदिर और पीरानपीर की दरगाह एक ही परिसर में स्थित हैं और दोनों समुदाय मिल-जुलकर पूजा-अर्चना करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता इंदर बिरला ने बताया कि, 'शहनाज़ अख़्तर जैसे उच्चकोटि के कलाकार का सनावद आगमन हम सभी के लिए गर्व की बात है। भजन संध्या की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पुनीत भजन संध्या को सफल बनाएँ।' मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा, मेला समिति के पदाधिकारी और सभी पार्षदों ने भी लोगों से भारी संख्या में पहुँचने का आग्रह किया है। मेला प्रशासन ने सुरक्षा, प्रकाश और बैठने की विशेष व्यवस्था की है ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के भजन का आनंद ले सकें। सनावद और आसपास के क्षेत्रों में शहनाज़ अख़्तर के कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है और लोग इसे वर्ष की सबसे बड़ी भक्ति संध्या मान रहे हैं।



### विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन



**मंडलेश्वर,निप्र।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हाय स्कूल की 36 लड़कियों और हायर सेकंड्री की 46 लड़कियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित विषय ब्यूटी एंड वेलनेस के सर्टिफिकेट स्किल इंडिया द्वारा जारी किए गए है।जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानूडे के मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट वोकेशनल कॉर्डिनेटर भूतेश हिरवे ,कौशल सराफ द्वारा यह प्रमाण पत्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विजय वानखेड़े के साथ छात्राओं को प्रदान किए गए।व्यावसायिक शिक्षक मोनिका मंडलोई ने बताया कि कक्षा 10 वी में जो छात्राएं संस्कृत के स्थान पर ब्यूटी एंड वेलनेस सब्जेक्ट का चयन करती है उन्हें ब्यूटी और वेलनेस की पढ़ाई के साथ साथ ट्रेनिंग भी दी जाती है यह सर्टिफिकेट हाय स्कूल और हायर सेकंड्री की परीक्षा के साथ प्रदान किया जाता है।इस सर्टिफिकेट को 118 देशों द्वारा मान्यता प्राप्त है इस आधार पर बालिकाएं अपना ब्यूटी पार्लर संचालित कर सकती है साथ ही ब्यूटी एंड वेलनेस सब्जेक्ट में डिप्लोमा डिग्री भी कर सकती है।

### 'महाविद्यालय में मानव अधिकार दिवस मनाया गया'



**बड़वाह,निप्र।** जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातक महाविद्यालय बड़वाह में मानव अधिकार दिवस मनाया गया यह कार्यक्रम संस्था प्रमुख डॉ. मंगला ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन डॉ सबल सिंह रावत ने किया और कहा कि अपने अधिकारों के लिए हमें अनुशासित और ईमानदार होकर अपने अधिकारों के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि हमको सार्थक परिणाम मिल सके मानव का अधिकार यह है कि उन्हें भारत सरकार से जो भी योजनाएं मिल रही है उनका हक उन्हें मिलना चाहिए यह उनका मौलिक अधिकार को परिभाषित करता है इसलिए हमें प्रयास करना चाहिए कि हमारे अधिकारों के लिए हम सतर्क एवं सजग रहे वरिष्ठ प्राध्यापक एवं राजनीतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा कि मानव अधिकार वे मौलिक अधिकार और स्वतंत्राएँ हैं जो हर इंसान को जन्म से ही प्राप्त होती हैं, चाहे उसकी राष्ट्रीयता लिंग रंग धर्म भाषा या कोई भी स्थिति हो ये अधिकार जीवन स्वतंत्रता समानता और सम्मान के साथ जीने की गारंटी देते हैं और इनमें शिक्षा भोजन काम स्वास्थ्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे बुनियादी अधिकार शामिल हैं, महिलाओं बच्चों एवं युद्ध बंदियों के मानव अधिकारों की चर्चा की जो सभी को भेदभाव के बिना समान रूप से मिलते हैं और जिन्हें सरकारें सुरक्षित रखने के लिए बाध्य होती हैं . जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार गुलामी और यातना से मुक्ति विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता शिक्षा और काम का अधिकार स्वास्थ्य और भोजन का अधिकार कानून के समक्ष समानताएं ये हमें गरिमा और मूल्य के साथ जीने का मौका देते हैं।

# संभागायुक्त ने किया बड़वाह विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानी प्रगति



नवभारत न्यूज

**खरगोन,निप्र।** इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 10 दिसंबर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-182 बड़वाह का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान संभागायुक्त डॉ खाड़े ने एसडीएम कार्यालय बड़वाह में क्षेत्र के बीएलओ सुपरवाइजर, सेक्टर, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर और के साथ चर्चा की और कार्य की प्रगति जानी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में नवीन निर्देशों का अनिवार्य पालन करने को कहा। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अच्छी तरह अध्ययन करें और विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर गए हैं या नहीं यह भी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटे नहीं और अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हों, यह भी सुनिश्चित किया जाए।ॉ

इस दौरान संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष का हो जाएगा, वह भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6, नाम हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए फॉर्म 8 भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।

इस कार्यक्रम अनुसार गणना पत्रक 11 दिसंबर 2025 तक भरे जाएंगे और 14 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।11 दिसंबर 2025 तक एन्युमरेशन फॉर्म भरने का कार्य बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा।

16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित होगी। निरीक्षण के दौरान ईआरओ सत्यनारायण दर्रो, एईआरओ श्री शिवराम कनासे, नायब तहसीलदार श्री केस्या सोलंकी, संबंधित अधिकारी, मुख्य प्रशिक्षक और बीएलओ उपस्थित रहे। अंत में सभी ने विश्वास दिलाया कि आने वाले दो दिनों में और अतिरिक्त मेहनत करके अच्छे परिणाम प्राप्त किए जाएंगे।

# बीमार गौवंश को समय पर नहीं मिला उपचार, नाराज गौरक्षकों ने उप संचालक के चैंबर में छोड़े बीमार गौवंश



**खरगोन,निप्र।** जिला मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय में बुधवार को जमकर हंगामा बरपा। पशु चिकित्सालय स्थित उप संचालक कार्यालय पहुंचे गौरक्षकों ने बीमार गौवंश को उप संचालक के चेंबर में छोड़ दिया, जिससे हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना पर दो थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। यहां थाना प्रभारी बीएल मंडलोई सहित जैतापुर थाना प्रभारी सुदर्शन ने आक्रोषित गौरक्षकों को समझाईश के बाद गौवंश का उपचार शुरु कराया। गौरक्षक सतीश राठौर, हरिओम यादव आदि ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम करीब 4 बजे उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग जीएस सोलंकी से मोबाइल पर संपर्क कर सूचना दी थी कि चौराहे पर गौवंश बीमार है, चिकित्सा सुविधा चाहिए। इस पर श्री सोलंकी ने कहा कि ड्यूटी टाईम खत्म हो गया है, हमारे स्वास्थ्य का ख्याल भी रखें के नही। इसके बाद दो अन्य गौवंश गौशाला में बीमार मिलने पर हम खुद अस्पताल लेकर पहुंचे है। अब यहां भी चिकित्सा सुविधा नही दी जा रही है। उप संचालक कह रहे है कि निराश्रित, स्वछंद विचरण करने वाली गायों का उपचार अस्पताल में नही किया जाएगा। वहीं पंजीकृत गौशाला की गायों का ही उपचार होगा। इधर उप संचालक जीएस सोलंकी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि गौरक्षकों को उपचार के लिए अस्पताल लाना था, लेकिन वह बीमार गौवंश को मेरे चेंबर में छोड़ गए। यह पशु क्रुरता है। इस संबंध में पुलिस को कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत करेंगे।

# मंडलेश्वर में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन





**मंडलेश्वर,निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वाधान में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर द्वारा मानव अधिकार दिवस के अवसर पर ए.डी.आर. सेंटर मंडलेश्वर में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने व्याख्यान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश एवं सचिव सुश्री प्रीति जैन ने पैरालीगल वालेन्टियर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गरिमामय जीवन जीने का अधिकार है और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए कानूनी प्रावधान मौजूद है। यह दिन मानव अधिकारों को संरक्षण देने और मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा को अपनाने का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी चन्द्रेश मण्डलोई ने कहा कि संविधान मे प्रदत्त मूल अधिकार और कर्तव्यों का परिचय कराया तथा मूल अधिकार व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। भारत मे विभिन्न धर्म और संस्कृति के लोग निवास करते है भारतीय संविधान देश के हर नागरिक को अपनी पसंद का धर्म मानने की आजादी देता है अपनी संस्कृति का पालन पोषण करने उसके विकास करने की आजादी देता है। भारतीय संविधान अपने हर नागरिक को अधिकार के साथ कुछ कर्तव्य निभाने के लिए कहता है। मानव अधिकार परिषद (भारत) के प्रदेश सचिव संतोष ठाकुर ने मानव अधिकार दिवस पर पलायन कर मजदूरी कर रहे लोगों की समस्याओं के बारे में कहा कि ऐसे मजदूरों के बच्चों के आधार कार्ड भी नहीं है साथ ही वो शिक्षा के अधिकार से भी वंचित है। इन लोगो के लिए काम करना चाहिए। पैरालीगल वालेन्टियर दुर्गेश राजदीप, जोजु मुरियादन, राजेश पंवार, नवीन ठाकुर, आकील खान, देवदत्त एक्कल, सारिका जैन, सोनू शाह आदि पैरालीगल वालेन्टियर ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## आत्महत्या रोकथाम के लिए दिया प्रशिक्षण

**खरगोन,निप्र।** सीएमएचओ कार्यालय परिसर में बुधवार को गेट कीपर प्रशिक्षण के माध्यम से आत्महत्या की रोकथाम को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। सीएमएचओ डॉ. दौलतसिंह चौहान ने कहा कि यह प्रशिक्षण मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तनों को लायेगा एवं उन्हें स्वस्थ्य और सशक्त बनायेगा। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेश गुर्जर के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी का प्री टेस्ट लिया जाकर आत्महत्या की समस्या और कारणों, गेट कीपर संकल्पना और उनकी भूमिका, आत्महत्या के लिए संवेदनशील व्यक्तियों की पहचान करना, आत्महत्या रोकथाम की विधियों आदि पर चर्चा की गई। इसके बाद मनकक्ष सेवाओं, राष्ट्रीय टेली मानस 14416 मनहित एप के विषय की जानकारी देते हुए एप डाउनलोड कराया गया।

# 13 दिसंबर को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन, प्रकरणों का होगा समझौता से समाधान







**कसरावद,निप्र।** आगामी 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर कसरावद में होगा। इस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं विधिक सेवा न्यायालय कसरावद के निर्देशानुसार विस्तृत प्रचार प्रसार पैरालिगल वॉलिंटियरो द्वारा किया जा रहा है। प्रचार के दौरान आमजन को अपने लंबित दीवानी वा, पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, श्रम न्यायालय के प्रकरण, उपभोक्ता विवाद, नगर पालिका के जलकर संपत्ति कर फौजदारी प्रकरण भरण पोषण भू अर्जन एवं अन्य राजीनामा योग्य मामलों का समझौता के आधार पर समाधान की सलाह दी जा रही है तथा आमजन से नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में समझौता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने से पक्षकारों के मध्य आपसी सद्भाव बना रहता है इसमें ना किसी की जीत और ना ही किसी की हार होती है तथा दोनों पक्षों का सम्मान बना रहता है।

# सिकल सेल एनीमिया शिविर का आयोजन



**भीकनगांव,निप्र।** प्रेरणादाई सिद्धार्थ सामाजिक कल्याण समिति जावरा निसरपुर बड़वानी के सौजन्य से एक दिवसीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम ग्राम पंचायत कार्यालय के ठीक सामने रखा गया था जिसमें तकरीबन 580 से के अधिक मरीजों ने जागरूकता एवं होम्योपैथिक उपचार का लाभ लिया। शिविर में नागपुर से आए नेस्को के सचिव गौतम डोंगरे जी ने सिकल सेल की उत्पत्ति से लेकर सिकल सेल से बचाव एवं भविष्य में सिकल सेल उन्मूलन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डोंगरे भारत के 17 राज्यों में नेस्को के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हैं , साथ ही 12 से अधिक अन्य देशों में जाकर सिकलसेल उन्मूलन पर नेस्को की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। परतवाड़ा अमरावती से आए राहुल ओके कर ने महाराष्ट्र शासन द्वारा सिकल सेल पीड़ितों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। नेस्को के सदस्य निशांत वासे ने भी संबोधित किया। नेस्को के अधिकारियों ने प्रेरणादाई सिद्धार्थ सामाजिक कल्याण समिति के डॉक्टरों की कार्य की तहे दिल से प्रशंसा की। क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री (पशुपालन विभाग मध्य प्रदेश शासन) के प्रेमसिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में आग्रह किया कि आप अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहे एवं दवाइयां का प्रयोग नियमित रूप से करें एवं सही खान-पान का ध्यान रखें। संस्था के डॉ गणेश चंद्र मालवीय , डॉ विकास बौद्ध , डॉ राकेश मेश्राम , डॉ सतीश कुमावत ने मरीजों को होम्योपैथिक परामर्श एवं दवाइयां दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निसरपुर के बीएमओ जितेंद्र दूधी एवं लैब टेक्नीशियन जी.एस. चौहान द्वारा निशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध करवाई गई। सहयोगियों में प्रदीप पाटीदार , ललित कुमावत , श्रीमती प्रियंका मालवीय , कैलाश पाटीदार , राकेश कुमावत , गंगाराम बारिया , मोहन बघेल , मनोज डावर , लक्ष्मी अलावे , मिस्टी मोरी , नानूराम चौहान , शिवम चौहान , वीरेंद्र बघेल , समर्थ मालवीय , मनीष पाटीदार , बासू मेडा , संजय एस.कुमार गीते का विशेष सहयोग रहा।

# लक्ष्य टीम ने किया लेबर रूम का आंतरिक मूल्यांकन





**गोगावा,निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावा में आज दिनांक 10 .12. 2025 को राज्य लक्ष्य असेसमेंट टीम ने निरीक्षण किया टीम का उद्देश्य सुरक्षित मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य में आवश्यक सुधार व गुणवत्तापूर्ण प्रसव करवाना है राज्य स्तरीय मूल्यांकन कर्ता डॉ प्राची अग्निहोत्री ने लेबर रूम में आवश्यक दस्तावेज उपकरण साफ सफाई एवं स्टाफ की जानकारी लेकर कार्यों का आंतरिक मूल्यांकन किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। बीएमओ डॉक्टर आशाराम खरते ने बताया कि समय-समय पर लक्ष्य सर्टिफिकेशन के लिए अस्पताल को अपग्रेड करने की दिशा में काम किया जा रहा है टीम ने कहा अस्पताल में उच्च स्तर स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही जटिलताओं के प्रबंधन एवं सुदृढ़ीकरण के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ द्वारा लक्ष्य आकलन दल का स्वागत किया गया लक्ष्य प्रभारी डॉक्टर अहमद रजा खान ने पी पी टी के माध्यम से संस्था में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों वह उपलब्धियां की जानकारी दी । इस अवसर पर डॉक्टर धर्मेंद्र मालाकार, डॉ आयुषी सोनी, डॉ, निमिता मंडलोई,जिले से दीपक नरिया डॉक्टर सौम्या शुक्ला एवं गोगावा बी पी एम अशीष पंवार मैटरनिटी इंचार्ज गीता चौहान , समस्त पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# सरदार पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर द्वारा सेमीनार



**मंडलेश्वर,निप्र।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर के द्वारा कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के पूर्व प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, नवीन शिक्षा नीति 2020 की संपूर्ण जानकारी और उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से लगातार निमाड़ क्षेत्र के सभी शासकीय एवम अशासकीय हायर सेकेंडरी स्कुलो में सेमिनार आयोजित करता आ रहा है 7 कॉलेज चलो अभियान की इसी श्रंखला में दिनांक 05 दिसंबर 2025 को शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बागोद, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल करही-पाडल्या, दिनांक 06 दिसंबर 2025 को वसुधा विद्या विहार करही, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नांद्रा, दिनांक 08 दिसंबर 2025 को शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल धरगांव , शासकीय हायर सेकंडरी गुलावड़, दिनांक 09 दिसंबर 2025 को शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बबलई , शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बडवेल आदि स्कूलों में महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ विनर्स दवाने, प्रोफेसर राजेंद्र पाटीदार, , प्रोफेसर शिवपालसिंह पटेल, सहयोगी राजेश पटेल, राहुल शर्मा आदि का दल विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु सेमिनार आयोजित कर रहे हैं।

एक नजर में | सैकड़ों श्रावकों ने लिया दुर्लभ दर्शन

# मुनि श्री 108 निराकुल सागर जी महाराज ने किया हाथों से केश-लोच

नवभारत न्यूज

**सनावद,निप्र।** जैन दिगंबर परंपरा के कठोर तप का अनुपम दृश्य उस समय देखने को मिला जब शीतकालीन वाचना कर रहे मुनि श्री 108 निराकुल सागर जी महाराज ने आज प्रात: अपने कर-कमलों से स्वयं केश-लोच किया।

पूर्ण नग्न, पूर्ण निर्ग्रंथ और परम स्वावलंबी दिगंबर मुनियों की यह अनिवार्य महाव्रती क्रिया देखकर उपस्थित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की आँखें नम हो गईं। मुनिराज ने मुट्ठी भर-भर कर सिर, दाढ़ी-मूंछ के बालों को हाथों से नोंच-नोंच कर उखाड़ा। यह क्रिया इतनी पीड़ादायक होती है कि सामान्य मनुष्य कल्पना भी नहीं कर सकता, किंतु मुनिराज पूर्ण समता भाव से मुस्कुराते रहे। केश-लोच दिगंबर मुनियों के 28 मूलगुणों में से एक है और 22 परिषहों में से 'लोच परिषह' को सहन करने का सशक्त माध्यम भी। इस क्रिया में अनजाने में अनेक सूक्ष्म जीवों की हिंसा हो जाती है, इसलिए प्रायश्चित स्वरूप मुनि श्री निराकुल सागर जी महाराज आज पूरा दिन निराहार रहकर उपवास करेंगे। कार्यक्रम में प्रशांत चौधरी, अचिंत्य जैन, राजू जैन, डॉ. यतीश जैन, अंजू पाटनी, मीना जटाले सहित सनावद एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों जैन समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने मुनिराज के तप और अहिंसा के जीवंत स्वरूप के दर्शन कर धन्यता अनुभव की। मुनिराज की यह कठोर साधना देखकर श्रावकों ने कहा, 'ऐसी अहिंसा की जीवंत मूर्ति विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलती। मुनिराज स्वयं अभय हैं और सबको अभयदान देते हैं।'

